13 सितम्बर 2020 करेंट अफेयर्स | 13 September 2020 Current Affairs in Hindi

(1) ....राज्य ने **दक्षिण भारत की पहली किसान रेल** को हरी झंडी दिखाई?

A - केरल

B - कर्णाटक

C - आंध्रप्रदेश

D - महाराष्ट्र

उत्तर - आंध्रप्रदेश

व्याख्या – दक्षिण भारत की पहली "किसान रेल" को आंध्र प्रदेश के अनंतपुर से दिल्ली के आदर्श नगर रेलवे स्टेशन के लिए हरी झंडी दिखाई गयी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने नई दिल्ली और अमरावती से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।

किसान रेल के बारे में:

- यह दूर के स्थानों तक कृषि उपज के त्वरित परिवहन में मदद करने के लिए शुरू की गई है।
- इसे किसान आय को दोगुना करने के लक्ष्य को ध्यान में रख कर चालू किया गया है।
- इससे कृषि निर्यात बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

mpgk.in

Daily current affairs in Hindi

(2) **ईज़ बैंकिंग सुधार सूचकांग 2.0** के अनुसार, किस बैंक को **पहले स्थान** पर रखा गया है ?

A - यस बैंक

B - यूनियन बैंक

C - बैंक ऑफ बड़ौदा

D - भारतीय स्टेट बैंक

उत्तर – बैंक ऑफ बड़ौदा

व्याख्या – ईज़ बैंकिंग सुधार सूचकांग 2.0 के अनुसार, बैंक ऑफ बडौदा को पहले स्थान पर रखा गया है। भारतीय स्टेट बैंक और ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स (ओबीसी) को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

ईज़ बैंकिंग सुधार सूचकांग:

- वित्त मंत्रालय द्वारा कमीशन।
- यह एक ढांचा है जिसे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को मजबूत बनाने और उन्हें जिम्मेदार बैंकिंग, क्रेडिट अपटेक, डिजिटलीकरण और वित्तीय समावेशन जैसे मैट्रिक्स पर रैंक देने के लिए अपनाया गया था।

ईज़ 2.0 के छह विषय हैं:

- ईज़ 2.0 में 6 विषयों (जिम्मेदार बैंकिंग, ग्राहक जवाबदेही, उद्दयममित्र के रूप में पीएसबी, गहन वित्तीय समावेशन, ऋण वितरण प्रशासन एवं एचआर) को शामिल किया गया था।

Daily current affairs : 13 September 2020

(3) **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 सितंबर, 2020** को किस राज्य के **किसानों के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई)** की शुरुआत की ?

A - गोवा

B - बिहार

C - महाराष्ट्र

D - ओडिशा

उत्तर – बिहार

व्याख्या – एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 सितंबर, 2020 को बिहार में किसानों के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) की शुरुआत की। इस योजना का उद्देश्य नीली कांति के माध्यम से देश में मत्स्य पालन क्षेत्र के सतत और जवाबदेह विकास को सुनिश्चित करना है।

योजना के बारे में:

- इसे आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2024-25 तक पांच साल की अवधि के दौरान सभी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में कार्यान्वित किया जाना है।

mppgk.in

- इसका उद्देश्य 2024-25 तक मछली उत्पादन अतिरिक्त 70 लाख टन बढ़ाना है।
- मछुआरों और मत्स्य किसानों की आय दोगुनी करना।
- पैदावार के बाद नुकसान 20-25 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करना
- मत्स्य पालन क्षेत्र और सहायक गतिविधियों में 55 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करना।

Current affairs in Hindi

(4) **वैश्विक आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक 2020 में भारत का स्थान** क्या है ?

A - 52

B - 94

C - 105

D - 110

उत्तर – 105

व्याख्या – कैनेडियन थिंकटैंक फ्रेजर इंस्टिट्यूट और नई दिल्ली स्थित भारतीय थिंकटैंक सेंटर फॉर सिविल सोसायटी द्वारा संयुक्त रूप से वैश्विक आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक 2020' जारी किया गया। 'वैश्विक आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक 2020' में भारत 26 स्थान नीचे खिसक कर 105वें स्थान पर आ गया है। पिछले साल देश 79वें स्थान पर था।

रिपोर्ट निष्कर्ष:

mpgk.in

- रिपोर्ट के अनुसार, भारत में आर्थिक स्वतंत्रता बढ़ाने की संभावना कारकों के बाजार में सुधार और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए अधिक खुलापन पर निर्भर करती है।
- इस सूची में हांगकांग और सिंगापुर सबसे शीर्ष पर थे।

Current affairs 2020 in Hindi

(5) **विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दक्षिण पूर्वी एशियाई क्षेत्र के 73 वें सत्र** की मेजबानी किस देश ने की है ?

A - अमेरिका

B - थाईलैंड

C - भारत

D - चीन

उत्तर – थाईलैंड

व्याख्या – विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दक्षिण पूर्वी एशियाई क्षेत्र के 73 वें सत्र की मेजबानी थाईलैंड के उप-प्रधान मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री अनुतिन चरणाविरकुल की अध्यक्षता में की गई थी। भारत की तरफ से इस बैठक सत्र का प्रतिनिधित्व स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने किया।

महत्व:

- कोविड प्रबंधन और आवश्यक गैर कोविड स्वास्थ्य सेवाओं दोनों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने में लोगों के लिए एक

mpgk.in

सुरक्षा घेरे के रूप में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व की पुष्टि करना।

- कोविड-19 पर स्वास्थ्य सूचना प्रणाली, जैव चिकित्सा, स्वास्थ्य नीति और प्रणालियों के अनुसंधान को मजबूत करने और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बनाए रखने के लिए।

Current affairs 13 September 2020 in Hindi – PDF DOWNLOAD

(6) भारत ने .... के साथ **" सामग्री और सेवाओं के आपसी प्रावधान "** पर समझौता किया ?

A - जापान

B - चीन

C - अमेरिका

D - फिनलैंड

उत्तर - जापान

व्याख्या – भारत और जापान ने टेलीफोन पर अपनी वार्षिक शिखर बैठक आयोजित की जैसा कि दिल्ली और टोक्यो ने भारतीय सशस्त्र बल और जापानी आत्मरक्षा बल के बीच "सामग्री और सेवाओं के पारस्परिक प्रावधान पर एक बहुप्रतीक्षित समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अनुबंध पर भारत की तरफ से रक्षा सचिव डॉ अजय कुमार और जापान की तरफ से राजदूत श्री सुजुकी सातोशी ने हस्ताक्षर किए।

mpgk.in

महत्व:

- चीन की आक्रामक नीतियों के बीच भारत-प्रशांत क्षेत्र के स्वतंत्र और खुले होने की पुष्टि करने के लिए यह दोनों देशों के नौसेनाओं के लिए एक पारस्परिक तार्किक संधि है।
- इससे भारतीय विमानों के लिए दक्षिण चीन सागर और प्रशांत जैसे क्षेत्रों में परिचालन करना आसान हो जाएगा।

13 September 2020 Current affairs

(7) **सी पार्थ सारथी** किस राज्य के नए चुनाव आयुक्त नियुक्त हुए है ?

A - दिल्ली

B - तेलंगाना

C - मध्यप्रदेश

D - आंध्रप्रदेश

उत्तर - तेलंगाना

व्याख्या – सी पार्थ सारथी तेलंगाना राज्य के नए चुनाव आयुक्त नियुक्त हुए है सी पार्थ सारथी retuired IAS अधिकारी है

Today current affairs in Hindi

(8) **विश्व स्वास्थ्य संगठन (** WHO) के **स्वतंत्र पैनल** में किस भारतीय को शामिल किया है ?

A - गीता सरदेसाई

mpgk.in

B - अजय शर्मा

C - प्रीति सूदन

D - कृपाल शाह

उत्तर – प्रीति सूदन

व्याख्या - विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के स्वतंत्र पैनल में प्रीति सूदन को शामिल किया है प्रीति सूदन भारतीय पूर्व स्वास्थ्य सचिव है

13 September 2020 Current affairs in Hindi

(9) निम्न में से किस राज्य ने **भारत का पहला एकीकृत एयर एम्बुलेंस** लॉन्च किया है?

A - मध्यप्रदेश

B - कर्नाटक

C - छत्तीसगढ़

D - महाराष्ट्र

उत्तर – कर्नाटक

व्याख्या – कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा ने भारत की पहली एकीकृत एयर एम्बुलेंस सेवा शुरू की।

विवरण:

mpgk.in

- एयर एंबुलेंस फर्म इंटरनेशनल क्रिटिकल एयर ट्रांसफर टीम (ICATT) बेंगलुरु के HAL एयरपोर्ट से एविएशन टेक्नोलॉजी फर्म क्याथी के सहयोग से सेवाएं चलाएगी।
  - आईसीएटीटी-क्याथी के फिक्स्ड-विंग विमान लंबी दूरी की आपातकालीन चिकित्सा परिवहन प्रदान कर सकते हैं।
  - यह आपातकालीन और गैर-चिकित्सा आपातकालीन मामलों के लिए पूरे भारत में 24*7 चिकित्सा परिवहन सेवा प्रदान करता है।
  - फिक्स्ड-विंग एयर एम्बुलेंस को एचएएल हवाई अड्डे पर तैनात किया जाएगा।

क्या है एयर एम्बुलेंस:

  - यह एक सेवा है जिसमें चिकित्सा कर्मचारी, दवाएं, वेंटिलेटर, सीपीआर उपकरण, ईसीजी और निगरानी इकाइयां और स्ट्रेचर सहित सामान्य उपकरण हैं।
  - यह गंभीर रूप से बीमार और आघात के रोगियों को

भी एक समय में अंगों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने में मदद करता है।

mpgk.in

13 September 2020 Current affairs in Hindi

(10) **पहला शैक्षणिक संस्थानों को हमलों से बचाने के अंतरराष्ट्रीय दिवस** किस तिथि को मनाया जाता है **?**

A - 11 सितंबर 2020

B - 9 सितंबर 2020

C - 12 सितंबर 2020

D - 10 सितंबर 2020

उत्तर – 9 सितंबर 2020

व्याख्या – एजुकेशन अबव ऑल फाउंडेशन (ईएए) और उसके वैश्विक साझेदारों यूनेस्को और यूनिसेफ ने 9 सितंबर 2020 को पहली बार शैक्षणिक संस्थानों को हमलों से बचाने के अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में चिह्नित किया है।

प्रमुख बिंदु:

- इस की दिन की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक सर्वसम्मत निर्णय द्वारा की गई थी, जिसमे संघर्ष से प्रभावित देशों में रहने वाले लाखों बच्चों की दुर्दशा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए यूनेस्को और यूनिसेफ का आह्वान किया गया था।
- fagy:- “Protect Education, Save a Generation.”

पृष्ठभूमि:

- 2015-2019 के बीच, 36 से अधिक देशों में शिक्षा पर 11,000 से अधिक हमले हुए हैं।

mpgk.in